# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर

क्रमांक : वन अधिकार / 2015 / 5533

दिनांक : 1/10/2015

निमित्त :–

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय
उदयपुर

राजस्व
कुपया...
5/10/2015

विषय :– अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008 के तहत प्रमाण पत्र जारी करने बाबत्।

प्रसंग :– श्रीमान का पत्रांक प.39 / 1 (1) राज. / व.अ.एम. / 08 3264–65 दिनांक 20.12.2015

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008 के तहत श्रीमान द्वारा चाही गई सूचना के सम्बन्ध में उपखण्ड स्तरीय वनधिकार समिति, उपखण्ड गिर्वा, जिला उदयपुर की कार्यवाही विवरण मय ग्राम सभा के प्रस्ताव की प्रति इस पत्र के साथ श्रीमान की सेवा में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा–उदयपुर

Phone no. 0294-2413454
E-mail id – sdmgirwa@gmail.com

# <u>उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति उपखण्ड गिर्वा</u>

## — : <u>कार्यवाही विवरण</u> : —

उप मुख्य अभियन्ता निर्माण उत्तर पश्चिम रेल्वे, उदयपुर के पत्र क्रमांक Dy. CE/C/W-207/Const.UDZ/Land दिनांक 01.09.2015 के अनुसार उदयपुर–हिम्मतनगर के मध्य प्रस्तावित आमान परिवर्तन हेतु उपखण्ड गिर्वा जिला उदयपुर के अधीन वन विभाग की सरकारी भूमि को रेल्वे विभाग को हस्तान्तरित करने हेतु दिनांक 14.09.2015 को निम्नानुसार प्रस्ताव उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

"उदयपुर–हिम्मतनगर के मध्य प्रस्तावित आमान परिवर्तन के लिए वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उदयपुर जिले के राजस्व ग्राम डेडकिया की 0.2519 हैक्टर, ग्राम खारवा की 4.8037 हैक्टर एवं ग्राम झाली का गुड़ा की 3.1416 हैक्टर व ग्राम जगत की 1.2949 हैक्टर वन विभाग की सरकारी भूमि की आवश्यकता है। इस प्रकार से उपखण्ड गिर्वा के चार ग्रामो की कुल प्रभावित ~~9.9421~~ 9.4921 C.A हैक्टर भूमि रेल्वे विभाग को हस्तान्तरित किया जाना है।

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता) अधिनियम 2006 अन्तर्गत उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के समक्ष चार ग्राम पंचायतो की ग्राम सभाओ में अनुमोदन कि उदयपुर–हिम्मतनगर के मध्य प्रस्तावित आमान परिवर्तन हेतु उक्त वन भूमि रेल्वे विभाग को हस्तान्तरित किये जाने पर उपखण्ड गिर्वा के चारों ग्राम पंचायतो को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। ग्राम सभाओं से प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंषा के आधार पर उदयपुर–हिम्मतनगर के मध्य प्रस्तावित आमान परिवर्तन हेतु 9.9421 हैक्टर वन भूमि हस्तान्तरण किये जाने की उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति, गिर्वा द्वारा अनुशंषा की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्षैत्रीय वन अधिकारी<br>परसाद / कुराबड़ | विकास अधिकारी<br>पंचायत समिति गिर्वा | उपखण्ड अधिकारी<br>गिर्वा उदयपुर |
| राधामीणा<br>राधा मीणा<br>पंचायत समिति सदस्य गिर्वा | भँवर लाल मीणा<br>भंवरलाल मीणा<br>पंचाय समिति सदस्य गिर्वा | लालजी मीणा<br>पंचायत समिति सदस्य गिर्वा |